
देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 16 अंक: 228 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार–प्रवाह...वास्तविक स्वामित्व की पहचान



# पेज श्री

देहरादून, बुधवार, 15 दिसंबर 2021



मौसम अधिकतम 21.0° न्यूनतम 11.0° | 39243.39

2 समुद्र में आया 7.3 तीव्रता का भूकंप | 7 टेस्ट कप्तान विराट नहीं खेलेंगे वनडे सीरीज!

# देश को दिशा दिखा रही है काशी

## काशी दौरे पर बोले पीएम, पूरे भारत के विकास का रोडमैप होता है तय

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। काशी दौरे के दूसरे दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वर्वेद महामंदिर में विहंगम योग के 98वें वार्षिकोत्सव को संबोधित करते हुए बनारस को देश को नई दिशा देने वाला शहर बताया। साथ ही कहा कि यहीं से पूरे भारत के विकास का रोडमैप तय होता है। संबोधन के दौरान उन्होंने यह भी कहा कि बनारस के विकास का सकारात्मक असर यहां आने वाले पर्यटकों पर भी पड़ रहा है। 2014–15 के मुकाबले में 2019–20 में यहां आने वाले पर्यटकों की संख्या दोगुनी हो गई है। 2019–20 कोरोना कालखंड में अकेले बाबतपुर एयरपोर्ट से ही 30 लाख से ज्यादा लोगों का आना–जाना हुआ है।

रिंग रोड का काम भी काशी ने रिकार्ड समय पर पूरा किया है। बनारस आने वाली कई सड़कें भी अब चौड़ी हो गई हैं। जो लोग सड़क के रास्ते बनारस आते हैं, वो सुविधा से कितना फर्क पड़ा है, इसे अच्छे से समझते हैं। मैं जब काशी आता हूं या दिल्ली में भी रहता हूं तो प्रयास रहता है कि बनारस में हो रहे विकास कार्यों को गति देता रहूं। कल रात 12 बजे के बाद जैसे ही मुझे अवसर मिला, मैं फिर निकल पड़ा था अपनी काशी में जो काम चल रहे हैं, जो काम किया गया है, उनको देखने के लिए। गोदौलिया में जो सुंदरीकरण का काम हुआ है, देखने योग्य बना है। मैंने मडुवाडीह में बनारस रेलवे स्टेशन भी देखा। इस स्टेशन का भी अब कायाकल्प हो चुका है। पुरातन को समेटे हुए नवीनता को धारण करना, बनारस देश को नई दिशा दे रहा है। बनारस जैसे शहरों ने मुश्किल से मुश्किल समय में भी भारत की पहचान के कला के, उद्यमिता के बीजों को सहेजकर रखा है। आज जब हम बनारस के विकास की बात करते हैं, तो इससे पूरे भारत के विकास का रोडमैप तय होता है।

**सबसे बड़े नायक को दुनिया महात्मा बुलाती है**

हमारा देश इतना अद्भुत है कि यहां जब भी समय विपरीत होता है, कोई न कोई संत–विभूति, समय की धारा को मोड़ने के लिए अवतरित हो जाती है। ये भारत ही है, जिसकी आजादी के सबसे बड़े नायक को दुनिया महात्मा बुलाती है। आज देश आजादी की लड़ाई में अपने गुरुओं, संत और तपस्वियों के योगदान को स्मरण कर रहा है, नई पीढ़ी को उनके योगदान से परिचित करा रहा है।

**स्वाधीनता संग्राम के समय सद्गुरु ने हमें स्वदेशी का मंत्र दिया था**

स्वाधीनता संग्राम के समय सद्गुरु ने हमें स्वदेशी का मंत्र दिया था। आज उसी भाव में देश ने अब 'आत्मनिर्भर भारत मिशन' शुरू किया है। आज देश के स्थानीय व्यापार–रोजगार को, उत्पादों को ताकत दी जा रही है, लोकल को ग्लोबल बनाया जा रहा है। हमारा गौ–धन हमारे किसानों के लिए केवल दूध का ही स्रोत न रहे, बल्कि हमारी कोशिश है कि गौवंश प्रगति के अन्य आयामों में भी मदद करे।



### 12 राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ पीएम मोदी ने की बैठक

पीएम नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को भाजपा शासित 12 प्रातों के मुख्यमंत्रियों और सात उपमुख्यंत्रियों के साथ बैठक की। बैठक में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा भी मौजदू थे। बता दें कि पीएम मोदी के बनारस दौरे का आज दूसरा दिन है। बैठक में सभी राज्यों की तरफ से इस बात की जानकारी दी गई कि केंद्र की योजनाओं की जमीनी हकीकत क्या है और इनका काम कहां तक पहुंचा है। वहीं, यूपी समेत पांच राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनावों के मद्देनजर यह बैठक काफी खास थी। पीएम मोदी ने मुख्यमंत्रियों से कहा है कि संगठन से मिलकर काम करेंगे तभी जीत होगी।

### पानी बचाने को लेकर संकल्प लेने को बोले पीएम मोदी

पीएम मोदी ने कहा कि मैं आज आप सभी से कुछ संकल्प लेने का आग्रह करना चाहता हूं। ये संकल्प ऐसे होने चाहिए जिसमें सद्गुरु के संकल्पों की सिद्धि हो और जिसमें देश के मनोरथ भी शामिल हों। ये ऐसे संकल्प हो सकते हैं जिन्हें अगले दो साल में गति दी जाए, मिलकर पूरा किया जाए। एक संकल्प ये हो सकता है– हमें बेटी को पढ़ाना है, उसका स्किल डेवलपमेंट भी करना है। अपने परिवार के साथ साथ जो लोग समाज में जिम्मेदारी उठा सकते हैं, वो एक दो गरीब बेटियों के स्किल डेवलपमेंट की भी जिम्मेदारी उठाएं। एक और संकल्प हो सकता है पानी बचाने को लेकर। हमें अपनी नदियों को, गंगा जी को, सभी जल स्रोतों को स्वच्छ रखना है।

## संक्षिप्त समाचार

### राजनाथ सिंह ने पाक को दिलाई उसके हार की याद

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। साल 1971 के युद्ध में पाकिस्तान पर भारत की जीत के उपलक्ष्य में राजधानी दिल्ली में 'स्वर्णिम विजय पर्व' कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। मंगलवार को केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पाकिस्तान को भारत के हाथों मिली उसकी हार याद दिलाई। रक्षा मंत्री ने कहा कि 1971 के युद्ध में भारत की जीत विश्व इतिहास की सबसे बड़ी जीत साबित हुई।

### पश्चिमी विक्षोभ के चलते इन हिस्सों में होगी बारिश

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने आने वाले दिनों में हल्की बारिश का अलर्ट जारी किया है। मंगलवार दोपहर को मौसम विभाग ने कहा कि पंजाब, हरियाणा, पश्चिम उत्तर प्रदेश के उत्तरी हिस्सों में 16 दिसंबर से हल्की बारिश होने की संभावना है।

# कुचली जा रही जनता की आवाज: राहुल गांधी

## विजय चौक पर 12 सांसदों के निलंबन रद करने को लेकर विपक्ष का मार्च

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली, एएनआइ। सांसदों के निलबंन को रद करने को लेकर विपक्ष का विरोध लगातार बढ़ रहा है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी भी विपक्ष द्वारा आयोजित विजय चौक मार्च में शामिल हुए। राहुल ने कहा कि 12 सांसदों का निलंबन भारत की जनता की आवाज को कुचलने का प्रतीक है। उनकी आवाज दबा दी गई। सभी सांसदों का बचाव करते हुए राहुल ने कहा कि उन्होंने कुछ भी गलत नहीं किया है। हमें संसद में महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करने की अनुमति नहीं दी जा रही है।

इसके साथ ही राहुल ने कहा, हंगामे के बीच संसद में बिलों के बाद बिल पास हो रहे हैं। यह संसद चलाने का तरीका नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सदन में नहीं आते हैं। हमें राष्ट्रीय महत्व के किसी भी मुद्दे को उठाने की अनुमति नहीं है। यह लोकतंत्र की दुर्भाग्यपूर्ण हत्या है।

संसद में 12 सांसदों के निलंबन को रद करने की मांग को लेकर विपक्ष ने हंगामा किया। विपक्ष की नारेबाजी के बीच राज्यसभा दोपहर 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई है। सभापति. एम वेंकैया नायडू ने कहा कि सदन में शालीनता और मर्यादा बनाए रखें। अनियंत्रित और असंसदीय व्यवहार बिल्कुल भी सहन नहीं किया जाएगा।

बता दें कि संसद के शीतकालीन सत्र में निलंबित हुए 12 सांसदों का मुद्दा लगातार बढ़ रहा है।

विपक्षी दलों ने आज सांसदों के निलंबन के विरोध में मार्च निकालने की घोषणा की है। दोनों सदनों के विपक्षी सदस्य संसद भवन परिसर से विजय चौक तक मार्च करेंगे। इससे पहले आज संसद के दोनों सदनों में विपक्षी दलों के फ्लोर नेताओं ने राज्यसभा में एलओपी के कार्यालय में बैठक की। इस दौरान मल्लिकार्जुन खड़गे ने 12 सांसदों के निलंबन को रद करने की मांग को लेकर दबाव बनाने के लिए रणनीति पर चर्चा की।

### यें 12 सांसद हुए है निलंबित

जिन 12 सांसदों को पूरे शीतकालीन सत्र के लिए सदन से निलंबित किया गया है, उनमें माकपा के इलामारम करीम, कांग्रेस की फूलो देवी नेताम, छाया वर्मा, रिपुन बोरा, राजमणि पटेल, सैयद नासिर हुसैन, अखिलेश प्रसाद सिंह, तृणमूल कांग्रेस की डोला सेन और शांता छेत्री, शिव सेना की प्रियंका चतुर्वेदी और अनिल देसाई तथा भाकपा के विनय विस्वम शामिल हैं।

# ऐसा बोलने से पहले दो बार सोचना चाहिए

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। सपा प्रमुख और यूपी के पूर्व सीएम अखिलेश यादव द्वारा बीजेपी नेताओं को लेकर दिए गए विवादित बयान पर केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने पलटवार किया है। अनुराग ठाकुर ने अखिलेश यादव पर हमला बोलते हुए कहा, अखिलेश यादव की ओर से इस तरह के शब्दों का इस्तेमाल करना उनकी मानसिकता को दर्शाता है। अखिलेश के बयान से समाजवादी पार्टी (सपा) की चिंता के बारे में भी पता चलता है।

अनुराग ठाकुर ने आगे कहा कि ये दुर्भाग्यपूर्ण है और पूर्व सीएम से इसकी उम्मीद नहीं की जाती है। उन्हें ऐसा बोलने से पहले दो बार सोचना चाहिए। ये दुर्भाग्यपूर्ण है कि अखिलेश यादव ने अपनों से बड़ों के लिए इस तरह के शब्दों का इस्तेमाल किया।

**अखिलेश का विवादित बयान:** बता दें कि पीएम मोदी के काशी दौरे को लेकर अखिलेश यादव ने विवादित बयान दिया था। सैफई में पत्रकारों के साथ बातचीत में अखिलेश ने कहा था कि यह अच्छी बात है कि वो जगह रहने वाली है, आखिरी समय में बनारस में ही रहने जाया जाता है। अखिलेश ने कहा था कि काशी रहने के लिए अच्छी जगह है। लोग अपने आखिरी पल भी यहां बिताते हैं।

बता दें कि पीएम मोदी दो दिवसीय काशी दौरे पर हैं। मोदी ने सोमवार को काशी विश्वनाथ धाम परियोजना के पहले चरण का उद्घाटन किया। पहले चरण के प्रोजेक्ट के तहत 23 इमारतों का उद्घाटन किया जा रहा है. इसकी लागत करीब 339 करोड़ रुपये है. मोदी ने आज भाजपा शासित 12 राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ अहम बैठक भी की।

**पलटवार**



■अनुराग ठाकुर का अखिलेश यादव पर पलटवार

Are you Planning to make a Website or already have ?
If yes, then we are here to serve you
What we do
Website Development — All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding — 1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries) 2. Social Media 3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation — A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly. You tell us, we do it.
Contact: Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# देश में तेजी से अपने पैर पसार रहा ओमिक्रोन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। कोरोना वायरस का नया वैरिएंट ओमिक्रोन देश में तेजी से अपने पैर पसार रहा है। राजधानी दिल्ली और राजस्थान में ओमिक्रोन के चार–चार नए मामले सामने आए हैं। इसके साथ ही देशभर में ओमिक्रोन के मामलों की संख्या बढ़कर 49 हो गई है। इससे पहले महाराष्ट्र में ओमिक्रोन के दो और गुजरात में एक मामला सामने आया था। महाराष्ट्र में ओमिक्रोन के मामलों संख्या बढ़कर 20 और गुजरात में चार हो गई है।

**दिल्ली में चार नए मामले:** देश की राजधानी दिल्ली में ओमिक्रोन वैरिएंट के चार नए मामले सामने आए हैं। दिल्ली में ओमिक्रोन से संक्रमितों की संख्या बढ़कर 6 हो गई है। एक मरीज को अस्पताल से छुट्टी दी जा चुकी है। दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन ने बताया कि ओमिक्रोन के 4 नए मामले सामने आए हैं। इसके बाद दिल्ली में नए वैरिएंट के कुल मामलों की संख्या 6 हो गई है। उधर, राजस्थान में भी नए वैरिएंट के चार नए मरीज मिले हैं। सोमवार को प्रदेश में नए वैरिएंट के मरीजों की संख्या बढ़कर 17 हो गई है।

### राजस्थान में 17 हुई नए वैरिएंट के मरीजों की संख्या